3. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

यह पत्रिका सप्ताह में एक बार प्रकाशित होती है।	यह पत्रिका साप्ताहिक है।
यह व्यक्ति ईश्वर पर विश्वास नहीं करता है।	यह व्यक्ति नास्तिक है।
इस नगर की बहुत-सी इमारतें गगन को चूमने वाली हैं।	इस नगर की बहुत-सी इमारतें गगनचुंबी हैं।
आज कोई अभिनय करने वाला व्यक्ति यहाँ आने वाला है।	आज कोई अभिनेता यहाँ आने वाला है।

बच्चो, ऊपर पहले दिए गए वाक्यों में एक शब्द के स्थान पर वाक्यांशों यानी कई शब्दों का प्रयोग अच्छा नहीं लग रहा है, जबकि दूसरे वाले वाक्यों में उनकी जगह पर एक शब्द लिखने से वाक्य बिलकुल सहज और सुंदर हो गए हैं। अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग भाषा को सहज व सुंदर बना देता है। अत: कहा जा सकता है कि

जो शब्द अनेक शब्दों के स्थान पर आकर भाषा को सहज व सुंदर बनाते हैं, उन्हें 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' कहा जाता है। कुछ विद्वान इन्हें 'स्थानापन्न' शब्द भी कहते हैं।

यह भी जानें-

कुछ शब्दांशों; जैसे– वाला, वाली, अक, ई, ईय, इक आदि से भी ऐसे शब्द बनाए जाते हैं;

जो दूध बेचता है	– दूधवाला	जो फल बेचता है	– फल
जो फूल बेचती है	– फूलवाली	बस, ट्रक आदि वाहन चलाने वाला	– चाल
जो मेहनत करता है	– मेहनती	जो केवल फल खाता हो	– फल
जो मांस खाता हो	– मांसाहारी	राष्ट्र से संबंधित	– राष
जो नीति से संबंधित हो	– नैतिक	जो एक महीने में एक बार होता हो	– मा

कुछ प्रमुख स्थानापन्न शब्द–

जो कभी बूढ़ा न हो	अजर	जो कभी न मरे	अम
जिसके आने की तिथि न हो	अतिथि	जो दिखाई न दे	अ
बिना सोचे-समझे किसी पर किया गया विश्वास	अंधविश्वास	जिसका मन किसी दूसरी ओर लगा हो	अ
जो पढ़ा-लिखा न हो	अनपढ़	जो दूसरे से ईर्ष्या करता है	ई
ऐसी भूमि, जो फ़सल के लिए उपजाऊ हो	उर्वर	जिस भूमि पर फ़सल न उग सके	उ
जो काम से जी चुराता हो	कामचोर	ऐसी बात, जिसे लोग परंपरा से सुनते चले आ रहे हों	
जिसे गुप्त रखा जाए	गोपनीय	दूसरों के दोषों को खोजने वाला	
छात्रों के रहने का स्थान	छात्रावास	जल में रहने वाला	
जीने की इच्छा	जिजीविषा	जानने की इच्छा रखने वाला	
जो किसी का पक्ष न ले	तटस्थ	थल पर रहने वाला	
पति-पत्नी का जोड़ा	दंपती	जिसके हृदय में दया हो	
कार्यक्रम आदि को देखने वाला	दर्शक	जहाँ पहुँचना कठिन हो	
जो कठिनाई से प्राप्त हो	दुर्लभ	जो देखने योग्य हो	
जिसमें दया न हो	निर्दय	जिसका कोई अर्थ न हो	

जो आँखों के सामने हो	प्रत्यक्ष	जो आँखों से परे हो	परोक्ष
जिसके आर-पार देखा जा सके	पारदर्शी	प्रिय बोलने वाली स्त्री	प्रियंवदा
वह क्यारी, जिसमें फूल ही फूल खिले हों	फुलवारी	किसी विषय पर दूसरे से मत न मिलना	मतभेद
जो कम बोलता हो	मितभाषी	रक्षा करने वाला	रक्षक
जो अधिक बोलता हो	वाचाल	जो यान वायु में चलता है	वायुयान
किसी विषय का विशेष ज्ञान रखने वाला	विशेषज्ञ	सौ वर्षों का समूह	शताब्दी
हमेशा सत्य बोलने वाला	सत्यवादी	हित यानी भलाई चाहने वाला	हितैषी

कुछ स्थानापन्न शब्द-युग्म एवं अन्य शब्द

शाकाहारी	शाक-सब्ज़ी खाने वाला	मांसाहारी	मांस खाने वाला
अनुज	छोटा भाई	अग्रज	बड़ा भाई
अपव्ययी	अंधाधुंध खर्च करने वाला	मितव्ययी	सोच-समझकर कम खर्च करने वाला
दुर्लभ	जिसे पाना आसान न हो	सुलभ	जिसे पाना आसान हो
स्वदेशी	स्वदेश में बना हुआ/अपने देश का	विदेशी	विदेश में बना हुआ/विदेश का
सर्वज्ञ	जो सब कुछ जानता हो	अल्पज्ञ	जो बहुत कम जानता हो
साप्ताहिक/पाक्षिक/मासिक/वार्षिक	सप्ताह में/पंद्रह दिन में/मास में/वर्ष में एक बार होने वाला		

पाठ एक नज़र में

- जो शब्द अनेक शब्दों के स्थान पर आकर भाषा को सहज आकार देने का कार्य करते हैं, उन्हें 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' कहा जाता है।
- कुछ विद्वान इन्हें 'स्थानापन्न' शब्द भी कहते हैं।
- कुछ शब्दांशों; जैसे- वाला, वाली, अक, ई, ईय, इक आदि से भी 'स्थानापन्न शब्द' बनाए जाते हैं।
- यदि 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' न होते, तो भाषा इतनी सहज नहीं लगती।